E-mail:research@csjmu.ac.in E-mail:phdinfo@csjmu.ac.in

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर–208024
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR
राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद् द्वारा ग्रेड A++ प्राप्त एवं यू.जी.सी. श्रेणी–I विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly known as Kanpur University, Kanpur)

Ref. No. CSJMU/R&D/ 1371 /2024 **Date: 21.08.2024**

संशोधित कार्यालय आदेश

आदेशानुसार अवगत कराना है कि पीएच–डी. सत्र 2023–24 में प्रवेशित अभ्यर्थी (यों) की प्री–पीएच.डी. सत्रांत परीक्षा दिनांक 12.08.2024, 14.08.2024 एवं 16.08.2024 को परीक्षा केन्द्र– स्कूल ऑफ टीचर एजूकेशन, सी.एस.जे.एम.वि.वि. कानपुर पर आयोजित की गयी थी, उक्त के सम्बन्ध में समस्त विषयों की उत्तर कुजियों का अवलोकन विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट **www.csjmu.ac.in** पर किया जा सकता है।

उपरोक्त के सम्बन्ध में यदि अभ्यर्थी (यों) को जारी की गयी उत्तर कुजिंयों में दिये गये उत्तर (रों) पर आपत्ति दर्ज करने हेतु निम्न प्रारूपका प्रयोग करना सुनिश्चित करें–

प्रारूप

प्रश्नपत्र एवं विषय	प्रश्न संख्या	उत्तर कुंजी में दिया गया उत्तर	अभ्यर्थी द्वारा दावा किये जाने वाला उत्तर	प्रमाण*

* अभ्यर्थी द्वारा दावा किये जाने वाले उत्तर (रों) के सापेक्ष उपयुक्त प्रमाण, पूर्ण सन्दर्भ एवं स्क्रीनशॉट सहित संलग्न करना अनिवार्य है।

उपरोक्त प्रारूप के सम्बन्ध में समस्त अभ्यर्थी (जो भी दावा कर रहे हैं) वह समस्त अभ्यर्थी निम्न दिशा–निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें।

1. अभ्यर्थी द्वारा आपत्ति दर्ज कराने की अन्तिम तिथि, कार्यालय आदेश निर्गत किये जाने की तिथि से 03 कार्यदिवस अर्थात् दिनांक 24.08.2024 तक ही मान्य है। तदोपरान्त कोई भी प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।
2. अभ्यर्थी अपनी समस्त आपत्तियां cw_exam@csjmu.ac.inपर ही प्रेषित करें।
3. अभ्यर्थी द्वारा दावा किये जाने वाले उत्तर (रों) के सापेक्ष प्रस्तुत किये गये प्रमाण स्वरूप प्रमाणिक/मानकीकृत पुस्तकें/राज्य/केन्द्र/मुक्त विश्वविद्यालयों द्वारा उनकी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित माड्यूल्स/अथवा ऐसा कोई प्रमाण जो मानकीकृत एवं आधिकारिक ई–संसाधनों द्वारा दिया गया हो, ही मान्य होगा।

उक्त दिशा–निर्देशों के अनुपालन के अभाव में प्रत्यावेदनों पर विचार करना सम्भव नहीं होगा।

अधिष्ठाता
शोध एवं विकास प्रकोष्ठ

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव कुलपति जी, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, माननीय प्रति–कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव, सी.एस.जे.एम.वि.वि. कानपुर।
4. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक, सी.एस.जे.एम.वि.वि. कानपुर।

सहायक अधिष्ठाता
शोध एवं विकास प्रकोष्ठ